


नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड

**North Eastern Electric Power Corporation Limited**

**(भारत सरकार का उधम) (A Government of India Enterprise)**

**ब्रुकलैंड कम्पाउंड, लोअर न्यू कॉलोनी, शिलांग – 793003 , मेघालय**

**Brookland Compound, Lower New Colony, Shillong – 793003, Meghalaya**

दिनांक: **11-08-2026** विज्ञापन संख्या: नीपको/**03/2026**

**नार्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, (समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता)** नीचे उल्लिखित किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है:

नीपको में नीचे दिए गए विवरणानुसार पदों पर चयन हेतु अगरतला रोजगार कार्यालय अथवा सिपाहीजला रोजगार कार्यालय में पंजीकृत तथा त्रिपुरा राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उपर्युक्त पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नीपको के किसी भी परिचालन क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है।

**I. रिक्तियों का विवरण:**

| पावर स्टेशन का नाम | रोज़गार कार्यालय | पद/ग्रेड | रिक्त पद | अधिकतम आयु सीमा की गणना 01-01-2026 के आधार पर की जाएगी। |
|---|---|---|---|---|
| अगरतला गैस आधारित पावर स्टेशन, अगरतला, रामचन्द्रनगर, त्रिपुरा | अगरतला रोज़गार कार्यालय | कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) (एस-1) ग्रेड, पोस्ट कोड- एचआर/356/11/ई, | एसटी- 01<br>एससी-01<br>कुल: 02 | एसटी/एसी - 35 वर्ष |
| | | कनिष्ठ अभियंता (मैकेनिकल) (एस-1) ग्रेड, पोस्ट कोड- एचआर/356/11/एम, | यूआर- 01<br>एसटी- 01<br>कुल: 02 | यूआर - 30 वर्ष<br>एसटी - 35 वर्ष |
| त्रिपुरा गैस आधारित पावर स्टेशन, मोनारचक, पीओ-धनपुर, सोनामुरा, सिपाहीजला जिला, त्रिपुरा, पश्चिम त्रिपुरा | सिपाहीजला रोज़गार कार्यालय | कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) (एस-1) ग्रेड, पोस्ट कोड - एचआर/356/19/ई, | यूआर- 01<br>कुल: 01 | यूआर - 30 वर्ष |
| | | कनिष्ठ अभियंता (मैकेनिकल) (एस-1) ग्रेड, पोस्ट कोड - एचआर/356/19/एम, | यूआर- 01<br>ईडबल्यूएस-01<br>कुल: 02 | यूआर /ईडबल्यूएस - 30 वर्ष |




**II.** अनिवार्य योग्यता:

| पद | श्रेणी | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) | **एसटी/एसी** | राज्य तकनीकी बोर्ड या मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा, जिसमें अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक होना अनिवार्य है। |
| | **यूआर** | राज्य तकनीकी बोर्ड या मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में न्यूनतम 70% अंकों के साथ पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा। |
| कनिष्ठ अभियंता (मैकेनिकल) | **एसटी** | राज्य तकनीकी बोर्ड या मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिकल/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा, जिसमें अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक होना अनिवार्य है। |
| | **यूआर /ईडबल्यूएस** | राज्य तकनीकी बोर्ड या मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिकल/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में न्यूनतम 70% अंकों के साथ पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा। |

**नोट:**

1. कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल) - पाठ्यक्रम बीटीई/ राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।
2. डिप्लोमा इंजीनियर के लिए पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम होना अनिवार्य है। दूरस्थ शिक्षा माध्यम से किए गए पाठ्यक्रम पात्र नहीं होंगे।

**III. अधिकतम आयु सीमा एवं छूट**

यूआर/ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु 30 वर्ष।एसटी/एससी अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष (05 वर्ष की छूट सहित), दिनांक 01-01-2026 के अनुसार। भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को यूआर/ईडब्ल्यूएस तथा एससी/एसटी श्रेणी के लिए निर्धारित उच्चतम आयु सीमा के अतिरिक्त 10 वर्ष की अतिरिक्त आयु छूट प्रदान की जाएगी।

**IV. प्रशिक्षण एवं पारिश्रमिक पैकेज**

चयनित अभ्यर्थियों को 2 वर्ष की अवधि के लिए चिन्हित नीपको स्थलों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, और उन्हें ₹ 29,300-3%-1,19,700/- के आईडीए वेतनमान में नियुक्त किया जाएगा तथा उनकी मासिक परिलब्धियाँ ₹ 29,300/- + मूल वेतन (वर्तमान तिथि के अनुसार) + लागू दर पर एचआरए (जहाँ निगम आवास उपलब्ध न हो) + मूल वेतन का 35% कैफेटेरिया + मूल वेतन का **10%** स्थान आधारित भत्ता (एलबीए) + भविष्य निधि अंशदान के रूप में मूल वेतन और डीए का 12% + एनईडीसीएसएस (नीपको एम्प्लॉइज डिफाइंड कंट्रीब्यूशन सुपरएनुएशन स्कीम) का 9% होगी। अन्य लाभ जैसे कि अवकाश, स्वयं एवं आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा लाभ, कार्यनिष्पादन आधारित वेतन (पीआरपी), ग्रेच्युटी (यथा लागू), यूनिफार्म, संचार व्यय एवं फर्नीचर प्रतिपूर्ति जो इस ग्रेड में लागू हैं, समय-समय पर लागू कंपनी नियमों के अनुसार देय होंगे।

न्यूनतम मासिक सीटीसी लगभग ₹ 59,000.00 (मात्र उनसठ हजार रुपये लगभग) होगी।

**V. चयन प्रक्रिया:**

पात्र अभ्यर्थियों को निम्नलिखित लिखित परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा:-

क) एप्टीट्यूड टेस्ट (60 बहुविकल्पीय प्रश्न): इसमें सामान्य अंग्रेजी, मात्रात्मक अभिरुचि एवं तर्कशक्ति के प्रश्न शामिल होंगे तथा यह परीक्षा केवल अर्हक होगा।
प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का होगा तथा गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे। इसमें अर्हकारी अंक (यूआर/ईडब्ल्यूएस श्रेणी हेतु 40% अंक तथा एससी/एसटी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु **30%** अंक) निर्धारित हैं।

(ख) संबंधित विषय में तकनीकी परीक्षा (40 बहुविकल्पीय प्रश्न) आयोजित की जाएगी।
प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का होगा तथा गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे। इसमें अर्हकारी अंक (यूआर/ईडब्ल्यूएस श्रेणी हेतु 40% अंक तथा एससी/एसटी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु 30% अंक) निर्धारित हैं।

परीक्षा की अवधि 2 घंटे होगी।

नियुक्ति पत्र मेरिट के आधार पर जारी किया जाएगा। किसी प्रकार की कोई कौशल परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

**VI. स्वास्थ्य:**

अभ्यर्थी का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, अभ्यर्थियों को अस्पताल में चिकित्सीय जांच करना होगा और जिला अस्पताल के अधिकृत मुख्य चिकित्सा अधिकारी /सिविल सर्जन से एक मेडिकल प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा, जिसमें निम्नलिखित रूटीन जांचों के आधार पर यह स्पष्ट उल्लेख हो कि आप इस कार्य को संभालने के लिए चिकित्सीय रूप से स्वस्थ हैं (कार्यभार ग्रहण करते समय जांच रिपोर्ट संलग्न करना अनिवार्य है)
शारीरिक परीक्षण (ऊंचाई, वजन, रक्तचाप आदि सहित संपूर्ण शरीर की जांच आदि)
आंखों की जांच (रिफ्रैक्शन एवं कलर विजन)

- हीमोग्राम
- ब्लड ग्रुपिंग
- ब्लड शुगर - फास्टिंग एवं पीपी
- ब्लड यूरिया
- लिवर फंक्शन टेस्ट
- यूरिन आर/ई
- चेस्ट एक्स -रे
- ईसीजी

**निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में किसी भी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है।**

**VII. सेवा अनुबंध बांड**

चयनित अभ्यर्थियों को 2 (दो) वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद न्यूनतम 3 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए कंपनी में सेवा देने हेतु सेवा समझौता बांड हस्ताक्षरित करना होगा। यह राशि अनारक्षित यूआर/ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए ₹1,00,000/- + जीएसटी तथा एससी/एसटी/दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए ₹50,000/- + जीएसटी होगी।

**VIII. सामान्य शर्तें:**

1. केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।
3. आवेदन करने से पूर्व, अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे इस विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता मानदंडों एवं अन्य शर्तों को पूरा करते हैं, जो वेबसाइट http://www.neepco.co.in के करियर सेक्शन में उपलब्ध हैं।
4. सभी शैक्षणिक योग्यताएं राज्य बीटीई/एआईसीटीई/ उपयुक्त सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय संस्थानों से होनी चाहिए।
5. किसी भी हस्तलिखित / कागजी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. **<u>लिखित परीक्षा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को टीए/डीए का भुगतान किया जाएगा।</u>**
7. ऑनलाइन डेटा के आधार पर प्रथम दृष्टया पात्र पाए गए अभ्यर्थियों के लिए रोल नंबर, आवंटित परीक्षा केंद्र का नाम एवं परीक्षा संबंधी दिशानिर्देशों से युक्त प्रवेश पत्र उसी ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए हमारे भर्ती पोर्टल से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा। प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे।
8. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाने वाली अपनी ई-मेल आईडी को कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखें। एक बार दर्ज की गई ई-मेल आईडी में किसी भी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। भविष्य के सभी पत्राचार हमारे भर्ती पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएंगे।
9. शैक्षणिक योग्यता की गणना विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के संदर्भ में की जाएगी। परिणाम घोषित होने / अंकपत्र जारी होने की तिथि ही योग्यता प्राप्त करने की तिथि मानी जाएगी और इस संबंध में कोई छूट प्रदान नहीं की जाएगी।
10. अधिकतम आयु सीमा की गणना दिनांक 01-01-2026 को आधार मानकर की जाएगी।
11. अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी (भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप में) जैसा भी मामला हो, एक वैध अनुसूचित एसटी/एससी/ईडबल्यूएस प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से होना चाहिए। भूतपूर्व सैनिकों को आयु में छूट भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दी जाएगी।
12. ईडबल्यूएस के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में चालू वर्ष का आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, अर्थात यह प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय के आधार पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वैध होना चाहिए
13. पद हेतु आवेदन करते समय अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार ऊपर उल्लिखित पात्रता एवं अन्य मापदंडों को पूरा करते हैं तथा उनके द्वारा दी गई जानकारी सभी प्रकार से सही है। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है अथवा किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, तो उसकी अभ्यर्थिता स्वतः रद्द मानी जाएगी। यदि नियुक्ति के पश्चात भी इनमें से कोई कमी/त्रुटि पाई जाती है, तो बिना किसी सूचना के उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में सिफारिश कराने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
14. सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में पहले से कार्यरत व्यक्तियों को लिखित परीक्षा के समय "अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी)" प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कृपया ध्यान दें कि एनओसी के बिना अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
15. एससी/एसटी/ईडबल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के समय सक्षम प्राधिकारी से जारी भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में एक वैध अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
16. अभ्यर्थियों हेतु लिखित परीक्षा के समय अपनी आवश्यक शैक्षणिक योग्यता का वैध प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।




17. केवल इस तथ्य से कि किसी अभ्यर्थी ने विज्ञापन के विरुद्ध आवेदन प्रस्तुत किया है और विज्ञापन में निर्दिष्ट मानदंडों को स्पष्ट रूप से पूरा करता प्रतीत होता है, उसे चयन प्रक्रिया में आगे विचार किए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता।
18. इस विज्ञापन तथा उसके प्रत्युत्तर में प्रस्तुत किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावा अथवा विवाद संबंधी कार्यवाही केवल शिलांग, मेघालय में ही संस्थापित की जा सकेगी और ऐसे किसी भी कारण/विवाद की सुनवाई का एकमात्र एवं विशिष्ट अधिकार शिलांग, मेघालय स्थित न्यायालयों/अधिकारपीठों/मंचों को ही होगा।
19. यदि अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य संस्करणों की व्याख्या के कारण किसी प्रकार की अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेज़ी संस्करण ही प्रभावी एवं मान्य होगा।

IX आवेदन प्रक्रिया

पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु हमारी वेबसाइट www.neepco.co.in के 'केरियर' शेक्सन में लॉग-इन करना होगा। यह साइट 11-08-2026 को 00:01 घंटे से 31-08-2026 को 23:59 घंटे तक ही सक्रिय रहेगी। अन्य किसी माध्यम/विधि से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों को भेजे गए ई-मेल के बाउंस होने पर नीपको कोई उत्तरदायित्व नहीं लेगा।

**X.** महत्वपूर्ण तिथि

**विज्ञापन संख्या नीपको/..........के तहत ऑनलाइन पंजीकरण आदि की अनुसूची**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की शुरुआत** | 11-08-2026 |
| **ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण की समाप्ति** | 31-08-2026 |

मानव संसाधन प्रतिभा अधिग्रहण का संपर्क ई-मेल आईडी: recruitment@neepco.co.in

महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
प्रतिभा अधिग्रहण,नीपको लि.,